हिन्दी सप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

shramshikhar@gmail.com
shram shikhar
shramshikhar.co.in
shramshikhar.in

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ 153-2025-2027
RNI No. UPHIN/2009/31760

श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) मेरठ। फोन: 0121-2641338



WATCH
SHARE & SUBSCRIBE
YouTube
@Sadbhavna Waves
@Shram Shikhar
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
9219660359



ई-पेपर के लिए क्लिक करें | वर्ष : 18, अंक : 33, विक्रम संवत 2083 | श्रावण | कृष्ण पक्ष | सप्तमी से त्रयोदशी | 17 अगस्त 2026 (सोमवार) – 23 अगस्त 2026 रविवार कुलपृष्ठ 12 मूल्य ₹ 08



## डाइनैमिक मेडिटेशन कैम्पेन
(बीरव असीम 9219228529 आत्मो कामरान 8273548730) संयोजक:

आज और अभी


## कबीर अनूठे हैं। और प्रत्येक के लिए उनके द्वारा आशा का द्वार खुलता है। क्योंकि

# विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गई जिला विद्यालय यान समिति की समीक्षा बैठक



मिशन सेफ फ्यूचर- 2.0 अभियान के अन्तर्गत अनफिट स्कूली वाहनों के विरूद्ध दिनांक 11 से 15 अगस्त 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में ऐसे स्कूल, जिनके वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, जिसके क्रम में उन्हें तीन बार नोटिस प्रेषित किये जा चुके है, तत्पश्चात् भी उन्होंने वाहनों की फिटनेस नहीं करायी है, ऐसे वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के साथ जिलाधिकारी द्वारा उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिये गये। साथ ही ऐसे स्कूल, जिनके वाहनों के परमिट समाप्त हो चुके हैं एवं तीन बार नोटिस प्रेषित करने के पश्चात् भी परमिट का नवीनीकरण नहीं कराया गया है, उन वाहनों को सीज करने के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। साथ ही स्कूलों को नोटिस प्रेषित करने के आदेश दिए गये, जिसमें वाहनों में स्कूली बच्चों को सुरक्षित उतारने एवं चढ़ाने हेतु अटेंडेन्ट नियुक्त किये जायें। छात्राओं हेतु महिला अटेंडेन्ट एवं छात्रों हेतु पुरूष अटेंडेन्ट नियुक्त करने के आदेश दिए गए।

## हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित-प्र0 जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

प्र० जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिद्धान्त शर्मा ने बताया कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सर्कुलर-05 दिनांक 07 अगस्त जारी किया गया है, जो हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु अहनलाईन आवेदन के सम्बन्ध में है। आवेदन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् हैः- अहनलिने आवेदन दिनांक 11 अगस्त 2026 से आरम्भ हो गया है जो दिनांक 23 अगस्त 2026 तक जारी रहेगा। अहनलाईन आवेदन हज कमेटी अ०फ इण्डिया की वेबसाईट http: /hajcommittee-gov- पद पर किया जायेगा। कम्पयूटर बेस्ड परीक्षा (सी०बी०टी०) हज कमेटी अहफ इण्डिया द्वारा 30 अगस्त 2026 को की जायेगी। कम्पयूटर बेस्ड परीक्षा (सी०बी०टी०) में शार्टलिस्टेड परीक्षार्थियों का साक्षात्कार 01 से 06 सितम्बर 2026 तक होगा। चयनित प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मुम्बई में सितम्बर 2026 के अन्तिम सप्ताह में सम्भावित है। केवल अहनलाईन आवेदन स्वीकार किये जायेगें। अहफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। आवेदकों की न्यूनतम शिक्षा इण्टरमीडिएट12 वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। स्नातक जिनकों सूचना तकनीकी का ज्ञान होगा को साक्षात्कार में 06 अतिरिक्त अंक दिये जाएंगे। प्रशिक्षक हेतु आयु 07 अगस्त 2026 को 25 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। पुरुषध्महिलाओं का चयन पुरूषध्महिला यात्रियों की संख्या के अनुपात में किया जायेगा।






R.R.ADVERTISING SERVICE
rradvertisingmeerut.com, rradvertisingmeerut@gmail.com
PH.: 0121-2641338, 9690331338
बुलेटिन | सद्भावना समिति (पंजी०) | श्रम शिखर
Shri Krishan Bhawan, 283, Western Kutchery Road, (Street Opp. Shivlok Complex) Meerut-250001 (U.P.)




निकट कचहरी पुल, 229, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ।
(जिला सहकारी बैंक के बराबर वाली गली के अन्दर)
M-7017397893, 9837169137
गली के अन्दर...

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक श्रम शिखर
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

















## कृषि यन्त्रो/उपकरणों के लाभार्थियो के चयन हेतु विकास भवन सभागार में किया गया ई-लाटरी कार्यक्रम का आयोजन



सब मिशन अहृन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फहर इन सी टू मैनेजमेंट अहृफ क्राप रेजिडयू एवं अन्य योजनाओ के अंतर्गत दिनांक 16 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल पर की गई कृषको द्वारा कृषि यंत्रो की बुकिंग के उपरांत चयन के लिए ई-लहृटरी का आयोजन आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में किया गया। विकास खण्डवार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष यन्त्रवार व विकास खण्डवार ई-लाटरी से कृषको को चयनित किया गया। यन्त्रों की बुकिंग में सर्वाधिक संख्या कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं रोटावेटर के कृषको की रही। उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया द्वारा चयनित सभी कृषको को बधाई दी गई एवं निर्धारित समयान्तर्गत मानक के अनुरूप यन्त्रो को क्रय करके बिल पोर्टल पर अपलोड करने का अनुरोध किया गया। कस्टम हायरिंग सेन्टर हेतु वि०खं० दौराला से श्री कृष्णपाल, हस्तिनापुर से श्रीमति ममता, खररखौदा से श्री श्याम चौधरी, माछरा से श्री कुशल कुमार, मेरठ से श्री धर्मेन्द्र कुमार आदि कृषको को ई-लाटरी के माध्यम से चयनित किया गया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य, अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## फैमिली आईडी बनाने में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई कड़ी नाराजगी, एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति के दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना तथा सभी विकास परियोजनाओं को शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय में पूर्ण कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विभागीय स्तर पर शासनादेशों एवं निर्देशों का प्रभावी अनुपालन, विकास कार्यों की समयबद्धता, कार्यप्रणाली में सुधार तथा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं के प्रत्येक इंडीकेटर में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में निर्माणाधीन परियोजनाओं, फैमिली आईडी, पेंशन योजनाओं, सड़क निर्माण, नमामि गंगे, विभागीय बजट व्यय, अहृपरेशन कायाकल्प, स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, समाज कल्याण विभाग की योजनाओं, दिव्यांगजन विभाग की योजनाओं, कृषि विभाग की योजनाओं, बाल कल्याण विभाग की योजनाओं, पंचायती राज विभाग की योजनाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनहित से जुड़े विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

















आज और अभी से

नए मनुष्य का युग-दर्शन

# भगवान रजनीश.....

## डाइनैमिक मेडिटेशन कैम्पेन

(नीरव असीम 9219228529 आत्मो कामरान 8273548730) संयोजकः

## गोरखनाथ - अनगढ़ कोहिनूर हीरा

गोरख एक शृंखला की पहली कड़ी हैं। उनसे एक नये प्रकार के धर्म का जन्म हुआ, आविर्भाव हुआ। गोरख के बिना न तो कबीर हो सकते हैं, न नानक हो सकते हैं, न दादू, न वाजिद, न फरीद, न मीरा——गोरख के बिना ये कोई भी न हो सकेंगे। इन सब के मौलिक आधार गोरख में हैं। फिर मंदिर बहुत ऊंचा उठा। मंदिर पर बड़े स्वर्ण–कलश चढ़े... । लेकिन नींव का पत्थर नींव का पत्थर है। और स्वर्ण–कलश दूर से दिखाई पड़ते हैं, लेकिन नींव के पत्थर से ज्यादा मूल्यवान नहीं हो सकते। और नींव के पत्थर किसी को दिखाई भी नहीं पड़ते, मगर उन्हीं पत्थरों पर टिकी होती है सारी व्यवस्था, सारी भित्तियां, सारे शिखर... । शिखरों की पूजा होती है, बुनियाद के पत्थरों को तो लोग भूल ही जाते हैं। ऐसे ही गोरख भी भूल गये हैं।

लेकिन भारत की सारी संत–परंपरा गोरख की ऋणी है। जैसे पतंजलि के बिना भारत में योग की कोई संभावना न रह जायेगीय जैसे बुद्ध के बिना ध्यान की आधारशिला उखड़ जायेगीय जैसे कृष्ण के बिना प्रेम की अभिव्यक्ति को मार्ग न मिलेगादृ ऐसे गोरख के बिना उस परम सत्य को पाने के लिये विधियों की जो तलाश शुरू हुई, साधना की जो व्यवस्था बनी, वह न बन सकेगी। गोरख ने जितना आविष्कार किया मनुष्य के भीतर अंतर–खोज के लिये, उतना शायद किसी ने भी नहीं किया है। उन्होंने इतनी विधियां दीं कि अगर विधियों के हिसाब से सोचा जाये तो गोरख सबसे बड़े आविष्कारक हैं। इतने द्वार तोड़ मनुष्य के अंतरतम में जाने के लिये, इतने द्वार तोड़े कि लोग द्वारों में उलझ गये।



इसलिए हमारे पास एक शब्द चल पड़ा है——गोरख को तो लोग भूल गये——गोरख धंधा शब्द चल पड़ा है। उन्होंने इतनी विधियां दीं कि लोग उलझ गये कि कौन–सी ठीक, कौन–सी गलत, कौन–सी करें, कौन–सी छोड़ें... ? उन्होंने इतने मार्ग दिये कि लोग किंकर्तव्यविमूढ़ हो गये, इसलिए गोरखधंधा शब्द बन गया। अब कोई किसी चीज में उलझा हो तो हम कहते हैं, क्या गोरखधंधे में उलझे हो!

गोरख के पास अपूर्व व्यक्तित्व था, जैसे आइंस्टीन के पास व्यक्तित्व था। जगत के सत्य को खोजने के लिये जो पैने से पैने उपाय अलबर्ट आइंस्टीन दे गया, उसके पहले किसी ने भी नहीं दिये थे। हां, अब उनका विकास हो सकेगा, अब उन पर और धार रखी जा सकेगी। मगर जो प्रथम काम था वह आइंस्टीन ने किया है। जो पीछे आयेंगे वे नंबर दो होंगे। वे अब प्रथम नहीं हो सकते। राह पहली तो आइंस्टीन ने तोड़ी, अब इस राह को पक्का करनेवाले, मजबूत करनेवाले, मील के पत्थर लगानेवाले, सुंदर बनानेवाले, सुगम बनानेवाले बहुत लोग आयेंगे। मगर आइंस्टीन की जगह अब कोई भी नहीं ले सकता। ऐसी ही घटना अंतरजगत में गोरख के साथ घटी।

लेकिन गोरख को लोग भूल क्यों गये? मील के पत्थर याद रह जाते हैं, राह तोड़नेवाले भूल जाते हैं। राह को सजानेवाले याद रह जाते हैं, राह को पहली बार तोड़नेवाले भूल जाते हैं। भूल जाते हैं इसलिए कि जो पीछे आते हैं उनको सुविधा होती है संवारने की। जो पहले आता है, वह तो अनगढ़ होता है, कच्चा होता है। गोरख जैसे खदान से निकले हीरे हैं। अगर गोरख और कबीर बैठे हों तो तुम कबीर से प्रभावित होओगे, गोरख से नहीं। क्योंकि

## जिलाधिकारी ने किया आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



आज जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएमध्वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनो का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विजय वर्धन तोमर, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति नवीन चन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डह. वी०के० सिंह ने जनपद के सम्मानित नागरिकों को सूचित करते हुये बताया कि प्रदेश में वर्तमान में चीनी का पर्याप्त स्टह्क उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चीनी की उपलब्धता को लेकर प्रसारित की जा रही अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। जनसामान्य अपनी आवश्यकता के अनुरूप चीनी खुले बाजार से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त चीनी के थोक व्यापारियों से अपेक्षा की है कि भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के पोर्टल **https://foodstock-dfpd-gov-in** पर चीनी के स्टह्क की स्थिति तत्काल घोषित करें तथा उसे नियमित रूप से अद्यतन करते रहें। उन्होंने कहा कि जनपद के थोक व्यापारियों के स्टह्क की आकस्मिक जांच कराई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति अथवा व्यापारी चीनी की जमाखोरी या कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कठोरतम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे चीनी की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए अनावश्यक खरीदारी न करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें।

सकारात्मक - सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981 केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतु स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027 R N I No. UPHIN/2009/31760 साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलेक्स), 283/1, वेस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ मो. 9219660359 प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736 प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359 बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9258402365 इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359 संरक्षक : ब्रजभूषण 9457213164 कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549 मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449 वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430 उ.प्र. ब्यूरो चीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

श्रमशिखर कार्यालय

मेरठ-श्रीकृष्ण भवन, 283, वेस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121-2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड - श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद-(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी०एच० 1/1, सेक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद, उ०प्र० 09560115905, दिल्ली- राखी मित्तल-एफ-1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस-1, न्यू दिल्ली-110017 मो0 9868511922 हरियाणा-राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस-4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर-विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः9897185208, 9152911899 दिल्ली- Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी-120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ- अजय श्रीवास्तव, 3/20, विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, मुम्बई-अचल गुप्ता, बी-1603 सनटेक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई-63 मो.9920939916, सरधना-महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मोहल्ला - गुजरान, सरधना, मेरठ । हैदराबाद श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं० 1207 गोमेड ब्लॉक "माई होम जेवल" मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या-मेरठ

153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760

मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग - इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग - पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड, मेरठ- 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलेक्स, 283, वेस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया। प्रबन्धकः राकेश गुप्ता सम्पादकः सुनीता रानी इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी. आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर

www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut City Classified

BUSINESS

व्यापार परिचय- अपने व्यापार का विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अवसर ढूंढ रहे है | जरूरत पूरी करें | पायें समाधान!

# Classified inter ACT समाधान उपलब्ध

## आवश्यकता


Vinex bhalla international

REQUIRED

1. SUPERVISOR (NICKLE, ZINC & PAINTSHOP) B. Tech/B.sc in chemical with 2-5 yrs. relevant exp. in a Mfg. unit.

2. STORE-KEEPER Graduation with 3-5 yrs exp. in a Mfg. unit.

3. GUNMAN Having license of double barrel gun, (Ex-Ser.man will be prefer)

BHALLA INTERNATIONAL
A-1/1, UDYOG PURAM, PARTAPUR, MEERUT
PH: 0121-7196667, 2441111
Email: jobs@vinex.co.in


**आवश्यकता है–** स्थानीय युवकों की वेल्डर, मशीनों पर कार्य एवं हैल्पर, टी टेबल के कारीगर, संपर्क दिल्ली रोड, मेरठ # 9219562423

female receptionist cum assistant, आया, सफाई कर्मचारिनी, गार्ड, P R O / marketing की अरोड़ा अल्ट्रासाउंड Near Eves Crossing मेरठ 9897280968

## उपलब्धता


श्रम शिखर

क्या आप भी ढूढ रहे है या आपके पास उपलब्ध हैं, आपनी आवश्यकता के अनुसार आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।

9690331338
9219660359


**सूचना** आवासीय मकान म्युनिसिपल नं० 424 रकबाई 104 वर्गगज यानि 86.96 वर्गमीटर खसरा नं० 1453मि० स्थित आदर्शनगर, बेगमाबाद कुढ़ना तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद की सह स्वामी है। इस सम्पत्ति की बाबत असल पुराना बैनामा इकरारी श्री चन्द्रपाल सिंह आदि बहक श्रीमती शीला देवी, जो दिनांक 21.05.1979ई० क्रमांक 2913 पर सबरजिस्ट्रार, गाजियाबाद में पंजीकृत हुआ था, असल मूल बैनामा खो गया। इस सम्पत्ति को वर्तमान स्वामियों श्रीमती माधुरी त्यागी, कंचन त्यागी व समीर त्यागी से खरीदने के लिये श्रीमती रेनु मित्तल द्वारा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, पिनेकल टॉवर निकट वैशाली कॉर्नर, प्रथम तल, गढ़ रोड, मेरठ में बंधक रख लोन ले रही है। आपत्तिकर्ता 07 दिन में बैंक/विरेन्द्र सिंह सिरोही एडवोकेट, चैम्बर नं० 155, प्याऊ चौपला निकट निर्वाचन कार्यालय, कचहरी, मेरठ 9837401328 को सूचित करे।

## नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ओम बीरी देवी के स्थान पर ओम बीरी कर लिया है भविष्य में मुझे ओम बीरी पत्नी श्री मदन पाल के नाम से जाना जाए। नि. ग्रा. बदनोली जिला हापुड़ (30 प्र0)

I Ayekansh S/O Late Pawan Kumar Tyagi R/O 1020/3 Shastri Nagar,Meerut,U.P-250004 have changed my name to Ayekansh Tyagi for all future purposes

मेरे पति स्व. लिविन कुमार सर्विस नं. 155 70018 H के रिकॉर्ड त्रुटिवश मेरी जन्म तिथि 01/04/1984 अंकित है जो कि गलत है सही जन्म तिथि 19/10/1988 है। मोनिका उपाध्याय w/o स्व. लिविन कुमार खसरा नं.-19, इशापुरम, मवाना रोड मेरठ 30 प्र0, शपथ पत्र नंबर IN- UP 654548 904 38974 X

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैं अपने पुत्र कपिल सैनी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हू। उमेश कुमार पुत्र रामशरण निवासी ग्राम

## वैवाहिक


श्रम शिखर

वैवाहिक के लिए आप भी वर/वधू ढूढ़ रहें, तो आज ही अपना विज्ञापन प्रकाशित करायें। अधिक जानकारी कॉल करें।

9690331338
9219660359


## वधू चाहिए

B'ful PQM 4 H'some Gupta Boy 34/ 5' 7"/ 2+ Cr MBA, Own film contant Production Business, well settled in Mumbai. NCR affulant Family. Share BHP 9219660359, 897373736

## खरीदना-बेचना

कॉर्नर,121 वर्गमीटर (145 वर्गगज) प्लॉट, अपोजिट ग्रेटरगंगा पॉश कॉलोनी, गंगानगर,मेरठ । गेटेड चार दीवारी, 51'*25'-7", नेगोशिएबल, सम्पर्क- 8533921601

## पत्रकारिता

जागरण शिक्षा- पत्रकारिता की फ्री प्रैक्टिकल ट्रैनिंग प्राप्त कीजिए, सरकारी/प्राइवेट सर्विस पाइए। हिन्दी ग्रेजुएट युवजन (दोनों) सम्पर्क करें। थाना टी.पी. नगर, मेरठ मो. 8279 33 2112

## खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0607415 व इंटर 2018 अनुक्रमांक 0488882 की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गए हैं शिवानी पुत्री श्री पुष्पेंद्र कुमार शिवपुरम, मेरठ।

मेरी हाईस्कूल वर्ष 1980, 81, अनुक्रमांक 099148 की मार्कशीट व सनद खो गई है नसरीन फात्मा पुत्री श्री सैय्यद गुलाम मुजतबा नि0, 148/ ए, फ्रेंड्स कॉलोनी ब्रह्मपुरी मेरठ।


श्रम शिखर Mini CLASSIFIED

अपने प्रोपर्टीज, मकान, दुकान, प्लॉट आदि के मुफ्त विज्ञापन प्रकाशित तथा डायरेक्ट पार्टी से

सम्पर्क सूत्र
मो. 9219660359

R.R. ADVERTISING SERVICES MEERUT
YOUR CONVENIENCE IS OUR PRIORITY
We value your time and Book Advertisement at
For More Details Contact
E-mail & Call Us
rradvertisingmeerut.com
rradvertisingmeerut@gmail.com
9690331338
9219660359


अपने अनुसार किसी भी उत्पाद, वस्तु के लिए अपना शीर्षक चुनें।

### श्रम शिखर विज्ञापन बुकिंग हेतु विभिन्न प्रकार

- बुटीक
- एकेडमिक
- हॉबी क्लासेस
- मोटर ड्राइविंग
- बवासीर/फिशर
- चिकित्सा
- नशा छुड़वायें
- गैर रिहायशी
- भूमि/भूखण्ड
- वाहन संबंधी
- मशीनरी
- पालतू जानवर
- बालों का झड़ना
- कद बढ़ाएं
- व्यक्तिगत सूचना
- इन्वर्टर/बैट्री
- मोबाइल/सेलफोन
- वैवाहिक सेवाएं
- लघु उद्योग
- टीचर्स/शिक्षक
- वर्कर/रोजगार
- सेल्स/मार्केटिंग
- ऑफिस जॉब्स
- सिक्योरिटी
- कम्प्यूटर ऑपरेटर
- कॉल सेंटर
- फिल्म इंडस्ट्री
- तकनीकी
- मेडिकल
- होटल/रेस्त्रां
- अकाउंटेंट
- हाउसकीपिंग
- ड्राइवर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें M. 92196 60359


FRIZZON TRAVEL | EVENTS | FILMS

Services
Domestic & International
- Flight Booking
- Visa Assistance
- Travel Insurance
- Baggage Guidance
- Hotel Booking
- Cruise Booking
- Car-Rental...

Your journey, made simple and stree-free



Book Now
0121-2641338
8266023450
www. frizzontravel.com
booking@frizzontravel.com

ELECTRONIC SIGNAGE Now Available




Affiliate Marketing Person Required
www.rradvertisingmeerut.com

R.R. ADVERTISING SERVICES (MEDIA SOLUTION PROVIDER)
Estd. 1979
283, SHRI KRISHAN BHAWAN, WESTERN KUTCHERY ROAD, OPP. SHIVLOK COMPLEX, MEERUT (U.P.)

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई कर-करेत्तर, राजस्व संग्रह तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में मॉडल पार्क एवं मॉडल रोड विकसित करने के दिये निर्देश





## अवैध टैक्सी स्टैंड, डग्गामार बस तथा बिना परमिट संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया जाये अभियान, की जाये कार्यवाही बाट माप विभाग घटतौली के विरुद्ध नियमित चलाएं चेकिंग अभियान, अनियमितता पाएं जाने पर करें कार्रवाई

## जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, अधिकारी अपेक्षित कार्यवाही कर, कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली में प्रगति करें सुनिश्चित

आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डह० वी०के० सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व संग्रह तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीकरण, वाणिज्य कर, प्रवर्तन, खनन, परिवहन, वानिकी, मंडी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों से संबंधित कर-करेत्तर एवं राजस्व संग्रह कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कर वसूली एवं राजस्व प्राप्ति से संबंधित कार्यों में सक्रियता एवं गंभीरता के साथ प्रभावी कार्रवाई की जाए। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवैध टैक्सी स्टैंड, डग्गामार बसों तथा बिना परमिट संचालित वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर जांच की जाए तथा अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बाट-माप विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रतिष्ठानों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा घटतौली पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर क्षेत्र में एक-दो मह्डल पार्क एवं मह्डल रोड विकसित करने की कार्यवाही प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को निर्देशित किया कि समस्त अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर उपयुक्त स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्रवाई कराई जाए। उन्होंने नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखने तथा जलभराव की समस्या न हो, के निर्देश दिए। साथ ही स्ट्रीट लाइट, सड़कों की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने को कहा।

विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि कहीं भी ढीले तार, क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, खराब अथवा क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर तथा विद्युत ट्रिपिंग की समस्या न रहे, नियमित निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई करते हुये दुरुस्त कराया जाए। साथ ही समस्त गौशालाओं में विद्युत सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित जांच कराते हुये कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कर एवं राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा राजस्व संग्रह में प्रभावी प्रगति लाने के निर्देश दिए। राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उनके निस्तारण में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विजय वर्धन तोमर, अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, समस्त एसडीएम, एआई स्टाम्प, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित विभाग, बाट माप, आबकारी, वाणिज्य कर, परिवहन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व सैनिक एंव शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं निस्तारण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक जिलाधिकारी द्वारा नामित श्री बृजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की गयी।



Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event
R-Reliable, R-Reasonable
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
PH. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360, Email- rradvertisingmeerut@gmail.com

# पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०

पीवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक श्री रवीश गुप्ता ने किया बाबूगढ (हापुड) का औचक निरीक्षणय निर्बाध बिजली आपूर्ति और बेहतर उपभोक्ता सेवा के दिए सख्त निर्देश। हापुड़ द मेरठ, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (PVVNL) के प्रबंध निदेशक श्री रवीश गुप्ता (IAS) ने हापुड़ जिले के बाबूगढ़ क्षेत्र का दौरा कर विद्युत व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) का अवलोकन किया और अधिकारियों को उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विशेष जोर दियाः

वृक्षों की कटाई-छंटाई विद्युत लाइनों को सुचारू रूप से चलाने और पेड़ों की टहनियों से होने वाले फॉल्ट को रोकने के लिए नियमित रूप से कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए। सबस्टेशन और यार्ड की स्वच्छताः सबस्टेशन परिसर, यार्ड तथा कंट्रोल रूम को पूरी तरह स्वच्छ, व्यवस्थित और धूल-मुक्त रखने के कड़े निर्देश दिए। शिकायत निस्तारण में तेजी और गुणवत्ताः उपभोक्ताओं से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण (Attend Complaints within time with quality) करने पर बल दिया। आगामी गर्मियों की कार्ययोजनाः पिछले समर पीक (Summer Peak) के अनुभवों और लोड डेटा का विश्लेषण करते हुए आगामी गर्मियों के लिए अभी से अग्रिम कार्ययोजना (Action Plan) तैयार करने के निर्देश दिए



# राजकीय केन्द्रीय पौधशाला, मछरी पर आम की रंगीन प्रजातियों के मात्र ब्लॉक की स्थापना अन्तर्गत जिलाधिकारी ने किया आम की नवीन प्रजातियों का रोपण

आज राजकीय केन्द्रीय पौधशाला, मछरी पर आम की रंगीन प्रजातियों के मात्र ब्लहक की स्थापना अन्तर्गत जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह द्वारा आम की नवीन प्रजातियों पूसा अरूणिमा, पूसा सूर्या, पूसा मनोहारी, पूसा अम्बिका तथा हाईब्रिड प्रजाति मायामा का रोपण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को आम की रंगीन प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि आम फलों का बाहरी रंग लाल, पीला चमकदार होता है तथा फल का पल्प का कलर पीला ही होता है और स्वाद भी अन्य प्रजातियों की भाँति सामान्य ही होता है। चूंकि जनपद के किसानों में आम की व्यवसायिक किस्मों दशहरी, चौंसा, लंगडा एवं गुलाब जामुन के अलावा आम की रंगीन प्रजातियों की भी मांग की जा रही है। इसी उद्देश्य से आम की रंगीन प्रजातियों का मातृ खण्ड स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम के मौके पर उद्यान विभाग की गतिविधियों से जुडें क्षेत्र के लगभग 100 प्रगतिशील कृषक भी उपस्थित थे तथा सभी उपस्थित कृषकों को ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम अन्तर्गत एक बैग में 5-5 फलदार पौधों को वितरण जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के करकमलों से किया गया।







इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



BUSINESS
व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# सद् भावना विकास अभियान

प्रज्वलित करें अपनी सूझबूझ, संभावना, अवसर
Ignite Your Imagination, Possibility, Opportunity

पुनः देखों जीवन के लिए
RE VISION FOR LIFE

विकास यात्रा यानि निरन्तर प्रवाह–हम कहाँ थे, आज कहाँ आ गये हैं, कहाँ पहुँचेगें? आवश्यक है यात्रा समझते रहे।

विभिन्न विषयों के समर्थन एवं संभावनाओं पर बौद्धिक अभिव्यक्ति को (लिखित) एवं फिल्मांकन करने का अवसर, आप आमन्त्रित है। घर बैठे जूम द्वारा भाग लें।

- प्रगति एवं विकास के लिए महंगाई आवश्यक तत्व है?
- आज के परिवेश में आंदोलन के तरीके बदलने हैं? (धरना प्रदर्शन के स्थान पर सहयोग करे बिना असहयोग)
- जन प्रतिनिधियों के चयन में बहुमत सम्बन्धित क्षेत्र के (कुल वोटों के आधार पर सुनिश्चित हो।)
- पुनः उपयोग अभियान – मनुष्य का रोटी बैंक
- शिक्षण संस्थान – व्यापारिक/उद्योग संस्थान–बाजार–वार्ड
- नगर के गौरव –नगर की प्रतिभाएं–मेरी यात्रा
- भारत में रोजगार और कुशलता पर कार्य होना चाहिए।
- इंण्डिया/हिन्दुस्तान का नाम भारत ही प्रयोग करें।

फिल्म प्रदर्शन
YouTube/Shramshikhar
चैनल
श्रम शिखर

पंजीकरण प्रारम्भ
M. 9219660359
पंजीकरण कर्ताबोली
व्यक्तिगत, संस्थागत
कारपोरेट, एसोसिएशन

मीडिया पार्टनर
हिंदी साप्ताहिक
श्रम शिखर

आयोजक : सद्भावना समिति पंजी० श्री कृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ मो0 9219660359



# PREM HOSPITAL
& TEST TUBE BABY CENTRE MEERUT
BIJLI BAMBA BYPASS MEERUT

REQUIRES

ACCOUNTS HEAD
IMMEDIATE JOINING

- Relevant Qualification in Finance, Taxation & Business Administration
- Minimum 5 Years Experience in Hospital Accounts

KEY ROLE
- Accounts & Finance Management
- Billing & TPA Management
- GST, TDS & Statutory Compliance
- Budgeting & Financial Reporting

- NABH ACCREDITED
- 100-BEDDED
MULTISPECIALITY HOSPITAL

SEND YOUR CV - premhospitalss@gmail.com
7080908010


# जिलाधिकारी ने किया राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र मछरी पर संचालित हाईटैक नर्सरी का निरीक्षण

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र मछरी पर संचालित हाईटैक नर्सरी का भी निरीक्षण किया। जिला उद्यान अधिकारी मेरठ द्वारा हाईटैक नर्सरी में उत्पादित पौधों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा अवगत कराया गया कि हाईटैक नर्सरी का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष रीना मलिक द्वारा आटोमैटिक सीडलिंग मशीन द्वारा डेमोस्ट्रेशन किया गया। हाईटैक नर्सरी में गुलदावदी, टमाटर, स्ट्राबेरी, पातगोभी आदि के पौधे तैयार थे। अवगत कराया गया कि वर्तमान में हाईटैक नर्सरी बिजली से संचालित की जा रही है जिस कारण बिजली का बिल अधिक आता है जिस पर जिलाधकारी द्वारा नर्सरी पर सोलर पैनल लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में अधिक से अधिक औद्यानिक फसलो का पौध उत्पादन किया जाये जिससे अधिक से अधिक किसानो को अच्छी गुणवत्तायुक्त पौध उपलब्ध कराई जा सके।




# खरखौदा विकास खंड के आंगनबाडी केन्द्रो का अन्य ब्लॉक के बाल विकास परियोजना अधिकारियो द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आज विकास खण्ड खरखौदा के आंगनबाड़ी केन्द्रों का अन्य ब्लहक के बाल विकास परियोजना अधिकारियों से औचक निरीक्षण करवाया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा ३८ आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ३८ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ३७८ बच्चे उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र को सुव्यवस्थित रखने, केन्द्र पर शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आंगनबाडी कार्यकत्रियों को निरीक्षण के समय निर्देश दिये गये। लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी केन्द्र बंद होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से केन्द्र बंद होने के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिसध्स्पष्टीकरण लिया जायेगा तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर मानदेय रोकने की कार्यवाही की जायेगी।


इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी सप्ताहिक
श्रम शिखर
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com

Meerut
City Classified

+HEALTH+
स्वास्थ्य संबन्धित जानकारी और विभिन्न रोगों के उपचार हेतु विज्ञापन आवश्यकता/उपलब्धता

# विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डह० वी०के० सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के समस्त सीएचसी एवं पीएचसी की सीएमओ कार्यालय स्तर से नियमित महनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। सभी स्वास्थ्य योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त सीएचसी, पीएचसी एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई, भोजन, उपचार की गुणवत्ता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों एवं लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ निर्धारित समयावधि में पहुंचाया जाए।












R-Reliable, R-Reasonable
Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
PH. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360, Email- rradvertisingmeerut@gmail.com

# SS-GEN ALFA & Z

























इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



BUSINESS

व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु आवश्यकता/उपलब्धता

# SADBHAVNA WAVES

























इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



BUSINESS
व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु
आवश्यकता/उपलब्धता

# SHRAM SHIKHAR

























इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



BUSINESS
व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु
आवश्यकता/उपलब्धता

# RR ADVERTISING SERVICES

























इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



**BUSINESS**

व्यापार परिचय :- व्यापारिक विज्ञापन हेतु
आवश्यकता/उपलब्धता